# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 17.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – भारत पर्यावरण संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए फैशन की दिशा तय करने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है।
- परीक्षा पे चर्चा के 8वें संस्करण में खेल जगत की प्रसिद्ध हस्तियों –मैरी कॉम, सुहास यतिराज और अवनि लेखरा ने छात्रों को दिए सफलता के टिप्स, कहा– मेहनत और फोकस ही सफलता की कुंजी।
- झारखंड में आदिवासी बच्चों की शिक्षा के लिए 44 नए एकलव्य मॉडल स्कूल होंगे शुरू, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा– केंद्र सरकार की यह पहल आदिवासी समाज के सशक्तिकरण में होगी महत्वपूर्ण।
- पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सरायकेला खरसावां में चांडिल डैम का किया निरीक्षण, कहा पर्यटन विकास की नई योजनाएं होंगी तैयार ।
- महाकुंभ को लेकर झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता आज करेंगे बैठक, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा रणनीति पर होगी चर्चा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की सांस्कृतिक विविधता देश के विभिन्न भागों में बनने वाले वस्त्रों में झलकती है। उन्होंने कहा कि भारत इस क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए फैशन की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में कल भारत टेक्स 2025 को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही।

*******************

परीक्षा पे चर्चा के 8वें संस्करण में प्रसिद्ध मुक्केबाज मैरी कॉम, पैरा शटलर आईएएस सुहास यतिराज और पैरा शूटर अवनि लेखरा जैसी दिग्गज खेल हस्तियों ने आज छात्रों के साथ संवाद किया और उनसे अहम टिप्स भी साझा किए। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने छात्रों को फोकस बनाए रखने, सकारात्मक सोच और मेहनत पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस मंच का उद्देश्य परीक्षा से जुड़ी आशंकाओं को दूर करना है।

*******************

झारखंड में आदिवासी बच्चों की शिक्षा के लिए केंद्र सरकार 44 नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय शुरू कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि इन स्कूलों में आदिवासी छात्रों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। साथ ही आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षित वातावरण में बच्चों के समग्र विकास पर जोर दिया जाएगा। श्री मरांडी ने कहा कि यह पहल आदिवासी समाज को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।

*******************

वर्ष 2027 से नई किताबों के आधार पर स्कूलों में पढ़ाई शुरू होगी। झारखंड में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कक्षा 2 तक की राज्य स्तरीय पाठ्यचर्या तैयार कर ली गई है। अगले चरण में कक्षा 3 से 12 तक की किताबें तैयार की जाएंगी, जिसमें राज्य की सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को शामिल किया जाएगा। किताबों के निर्माण के लिए शिक्षकों की विशेष टीम गठित की जाएगी। जेसीईआरटी इस प्रक्रिया में एनसीईआरटी और अन्य संगठनों से तकनीकी सहयोग लेगा। एनसीईआरटी ने कक्षा 1, 2, 3 और 6 की किताबें पहले ही तैयार कर ली हैं।

*******************

रांची स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी में आज इनोवेशन डेवलपमेंट डिजाइन एंड एंटरप्रेन्योरशिप बूट कैंप की शुरुआत हुई। पांच दिवसीय इस कैंप में देशभर के इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज और यूनिवर्सिटी के लगभग 250 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। एमिटी यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉ. कस्तूरी सहाय ने बताया कि यह कैंप आत्मनिर्भर भारत की थीम पर आयोजित किया गया है। मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, इनोवेशन सेल और एआईसीटीई के सहयोग से इस कार्यक्रम में छात्रों को इनोवेशन और उद्यमिता की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। प्रतिभागियों ने इसे अपने आइडिया साझा करने का बेहतरीन मंच बताया।

*******************

गुमला जिले में द्वितीय साहित्य महोत्सव का आज तीसरा और अंतिम दिन है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और कोल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में आज हो रहे समापन समारोह में पटकथा लेखक एवं गीतकार वरुण ग्रोवर समेत कई साहित्यकार शामिल हैं। कार्यक्रम में वे अपने अनुभव साझा कर रहे हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कल सरायकेला खरसावां के चांडिल डैम का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने जानकारी दी कि डैम में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नई योजनाएं तैयार की हैं। इसके तहत डैम के नीचे एक रिसॉर्ट और इको–कॉटेज बनाने की योजना प्रस्तावित है।

*******************

प्रयागराज महाकुंभ में 40 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में फैले स्वच्छ सुजल गांव विभिन्न सरकारी पहलों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य में आए बदलाव को प्रदर्शित कर रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इनमें राज्य सरकार के ऐतिहासिक सुधारों से बदलते गांवों को दिखाया गया है।

*******************

महाकुंभ को लेकर रांची और हटिया स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसे लेकर पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करेंगे। बैठक में प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था, और भीड़ प्रबंधन की रणनीति पर चर्चा होगी। गौरतलब है कि कल रांची स्टेशन पर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में यात्री क्षमता से अधिक भीड़ के कारण अफरा–तफरी मच गई थी।

*******************

जामताड़ा जिले में साइबर सुरक्षा के प्रति पुलिस प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पश्चिमी सिंहभूम पुलिस को एक और सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने गोईलकेरा थाना क्षेत्र के लेमसाडीह जंगलों में 5 किलोग्राम का आईईडी बम बरामद किया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि यह विस्फोटक नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लगाया गया था। सुरक्षा दृष्टिकोण से इसे जंगल में ही नष्ट कर दिया गया।

*******************